Teachingninja.in

Latest Govt Job updates

Private Job updates

Free Mock tests available

Visit - teachingninja.in

# JPSC APP

## Previous Year Paper
## (General Hindi)
## 05 Jan, 2020

Teachingninja.in

Total No. of Printed Pages – 3

# APPM
# GENERAL HINDI
# सामान्य हिन्दी
## SUBJECT CODE : 01
## विषय कोड : 01
## PAPER – I
## पत्र – I

**Full Marks : 100**
**पूर्णांक : 100**

**Time : 3 Hours**
**समय : 3 घण्टे**

*निर्देश : **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।*
*उपांत के अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*

**Marks**
**अंक**

1. किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए : **20**
   (i) झारखण्ड : प्रगति के पथ पर
   (ii) पर्यावरण संरक्षण अत्यावश्यक है।
   (iii) बेटी बचाओ : बेटी पढ़ाओ।
   (iv) भारतीय जनतंत्र की विशेषताएँ

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **10 × 2 = 20**
   (क) प्रदेश के शिक्षा सचिव की ओर से, राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को संबोधित करते हुए, एक सरकारी पत्र लिखिए, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के दिन-रात के शिविर ग्रामीण क्षेत्रों/दलित बस्तियों में लगाने का निर्देश दिया जाए।

   **अथवा**

   महाविद्यालय के प्राचार्य की ओर से राज्य के समाज कल्याण सचिव को पत्र लिखिए, जिसमें अनुसूचित जाति/जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति की राशि शीघ्रातिशीघ्र उनके बैंक खातों में भेजने का अनुरोध किया जाए।

   (ख) राज्य के उच्च शिक्षा निदेशक की ओर से लिखा जाने वाला अर्द्ध-सरकारी पत्र प्रस्तुत कीजिए, जिसमें विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को निदेशालय में होने वाली बैठक में भाग लेने का निर्देश दिया गया हो।

   **अथवा**

   लोक सेवा आयोग द्वारा विशेषज्ञों को साक्षात्कार लेने हेतु बुलाए जाने का अनुरोध करते हुए एक अर्द्ध-सरकारी पत्र लिखिए।



Teachingninja.in

Marks
अंक

3. (क) किन्हीं **पाँच** शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए : 1 × 5 = 5

(i) अतिवृष्टि
(ii) अथ
(iii) कीर्ति
(iv) प्रकट
(v) स्वार्थ
(vi) अन्तरंग
(vii) योग
(viii) सार्थक

(ख) निम्नलिखित प्रत्ययों से **दो-दो** शब्द बनाइए : 1 × 5 = 5

(i) आन
(ii) औता
(iii) आव
(iv) अक्कड़
(v) ओड़

4. (क) निम्न मुहावरों में से किन्हीं **पाँच** का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए : 2 × 5 = 10

(i) अंधा होना
(ii) अक्ल पर पत्थर पड़ना
(iii) अब-तब करना
(iv) उलटी गंगा बहाना
(v) कुआँ खोदना
(vi) खटाई में पड़ना
(vii) गड़े मुर्दे उखाड़ना
(viii) घी के दिए जलाना

(ख) निम्न में से किन्हीं **पाँच** वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 1 × 5 = 5

(i) एक गाय, दो घोड़े और एक बकरी मैदान में चर रहे हैं ।
(ii) कई रेलवे के कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई ।
(iii) हमारी सौभाग्यवती कन्या का विवाह तय हो गया है ।
(iv) श्री कृष्ण के अनेकों नाम प्रचलित हैं ।
(v) मेरा नाम श्री आनन्द कुमार जी है ।
(vi) ऐसी एकाध बातें और भी देखने में आती हैं ।
(vii) हम तो अवश्य ही पधारेंगे ।
(viii) किसी भी आदमी को भेज दो ।



Teachingninja.in

Marks
अंक

5. (क) वाक्य की परिभाषा देते हुए उसका महत्त्व बताइए । 5

(ख) निम्न में किन्हीं **पाँच** को उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए : 2 × 5 = 10

(i) उप वाक्य

(ii) आज्ञावाचक वाक्य

(iii) संकेतवाचक वाक्य

(iv) सन्देहवाचक वाक्य

(v) सरल वाक्य

(vi) विधिवाचक वाक्य

(vii) निषेधवाचक वाक्य

(viii) इच्छावाचक वाक्य

6. निम्न गद्यांश का शीर्षक देकर संक्षेपण कीजिए : 20

मेरी समझ में केवल मनोरंजन कविता का उद्देश्य नहीं है । कविता पढ़ते समय मनोरंजन अवश्य होता है, किन्तु उसके बाद कुछ और भी होता है । सच यह है कि मनोरंजन करना कभी भी श्रेष्ठ कविता का प्रधान गुण नहीं हो सकता, जिससे कविता मनुष्य के चित्त पर अपना गहरा प्रभाव छोड़ती है और मनुष्य मंत्रमुग्ध हो जाता है । सच तो यह है कि कविता मनुष्य को जीवन-मूल्यों के साथ-साथ उच्चतर मानवीय आदर्शों से परिचित करा के उन्नति के मार्ग पर ले जाती है ।



Teachingninja.in